प्रेषक,

रणजीत कुमार वर्मा,
सिविल जज ( जू०डि०),
ललितपुर।

सेवा में,

श्री राकेश कुमार यादव,(एच.जे.एस.)
माननीय निबंधक (न्यायिक)(जांच)
प्रभारी संयुक्त निबंधक(न्यायकि)(बजट),
माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद।

विषय- **<u>सम्पत्ति विवरण के संबंध में।</u>**

महोदय,

प्रार्थी ने अपना चल अचल संपत्ति विवरण माननीय उच्च न्यायालय को प्रेषित करने में विफल रहा है क्योंकि पूर्व के समय में प्रार्थी को न्यायिक सेवा से संबंधित नियम/परिपत्र की जानकारी का बोध नहीं था एंव तत्पश्चात कुछ सेवा संबंधी परेशानियां रही, जिसमे प्रार्थी का दिनांक 23.03.2020 को निलंबन हो गया एवं दिनांक 13.05.2022 को निलंबन समाप्त हुआ तथा दिनांक 01.06.2022 को प्रार्थी द्वारा जनपद ललितपुर में नियुक्त हुआ , जिस कारण से एवं कुछ पारिवारिक कारणों से प्रार्थी व्यथित था और माननीय उच्च न्यायालय के दिशा निर्देशों के अनुपालन में विलंब हुआ। प्रार्थी का यह बिल्कुल आशय नहीं रहा है कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशो की अवहेलना की जावे।माननीय उच्च न्यायालय के पत्रांक संख्या- 15240/IVH-16 Admin(A-4) दिनांकित 26.11.2022 के प्राप्त होने के पूर्व में ही प्रार्थी द्वारा अपनी नियुक्ति दिनांक 13.11.2017 के समय धारित चल व अचल संपत्ति का विवरण दिनांक 30.04.2022 को ई-सर्विस पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है एवं उसके आगे के तीन वार्षिक विवरण् ( वित्तीय वर्ष 2016-2018, 2018-2020 व 2020-2022) भी ई-सर्विस पोर्टल पर दिनांक 21.12.2022 को अपलोड किया जा चुका है।

अतः माननीय न्यायालय से करबद्ध अनुरोध है कि मेरे द्वारा हुई इस विषय में किसी भी त्रुटि को क्षमा करते हुए मेरे चल अचल संपत्ति विवरण को स्वीकार करने की कृा करें।

**ससम्मान,**

दिनांक-21.12.2022

भवदीय,

Brma
21.12.22

(रणजीत कुमार वर्मा)
सिविल जज ( जू०डि०),
ललितपुर।